भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-467

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अनियमित विद्युत आपूर्ति

***467. श्री जनार्दन मिश्रः**

श्री रोड़मल नागरः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्षा ऋतु आरंभ होने से पूर्व विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अनुरक्षण कार्य किए जाने के उपरांत भी अनियमित विद्युत आपूर्ति को ठीक करने हेतु कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा ऐसी अनियमित विद्युत आपूर्ति को ठीक करने हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) सरकार द्वारा विद्युत की अनियमित आपूर्ति के लिये ऐसी कंपनियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अनियमित विद्युत आपूर्ति" के बारे में लोक सभा में दिनांक 25.07.2019 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 467 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) से (घ) : अवसंरचना के अनुरक्षण सहित, विद्युत का वितरण संबंधित राज्य सरकारों/वितरण यूटिलिटियों और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) के अधिकार क्षेत्र में आता है।

भारत सरकार ने, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 57(1) और 57(2) के अनुसार, किसी लाइसेंसी अथवा लाइसेंसियों के वर्ग के निष्पादन के मानक (एसओपी) का पालन नहीं करने की स्थिति में उपयुक्त मुआवजे के प्रावधानों के साथ विनिर्दिष्ट करने के लिए एसईआरसी को शक्तियां प्रदान की हैं। इसके अतिरिक्त, धारा 86 (1)(i) के अनुसार, एसईआरसी लाइसेंसियों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता एवं विश्वसनीयता के संबंध में मानक विनिर्दिष्ट अथवा लागू करेंगे। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 में तकनीशियनों को पारेषण एवं वितरण लाइनों के मानसून पूर्व अनुरक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिलाने के उपायों की भी व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार उप-पारेषण एवं वितरण नेटवर्कों के सुदृढ़ीकरण, मीटरिंग, आईटी युक्त बनाने, फीडरों के पृथक्करण आदि के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) तथा एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों की सहायता करती रही है, ताकि सभी के लिए 24x7 विश्वसनीय विद्युत की आपूर्ति की जा सके।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5260

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

विद्युत क्षेत्र के प्रशुल्क को युक्तिसंगत बनाना

5260. डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में किन-किन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 'उज्ज्वल डिसकॉम आश्वासन योजना' (उदय) चल रही है और चालू वित्त वर्ष के दौरान गुजरात सहित उक्त राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कितनी निधि का वितरण किया गया है;

(ख) क्या 'उदय' योजना के फलस्वरूप विद्युत वितरण कंपनियों के सकल तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे (एटीएंडसी) में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा विद्युत क्षेत्र के प्रशुल्क को युक्तिसंगत बनाना सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) चालू वर्ष में प्रशुल्क दर को संशोधित करने वाले राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) : उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) 27 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) अर्थात आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, बिहार, छत्तीसगढ़, दादरा व नगर हवेली, दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, मणिपुर, मध्य प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, पुडुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में कार्यान्वित की जा रही है। उदय के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियन का कोई प्रावधान नहीं है।

(ख) : उदय पोर्टल पर राज्यों द्वारा डाले गए आंकड़ों के अनुसार, समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानियां वित्तीय वर्ष 2015-16 में 20.80% से घटकर वित्तीय वर्ष 2018-19 में 18.24% हो गई हैं। ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग) : टैरिफ का निर्धारण संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी)/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) द्वारा किया जाता है। उदय टैरिफ के संबंध में टैरिफ नीति में आवश्यक बदलाव का प्रावधान करती है। जनवरी, 2016 में अधिसूचित टैरिफ नीति में प्रावधान है कि विद्युत आपूर्ति की लागत को टैरिफ द्वारा प्रगामी रूप से प्रदर्शित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, उपयुक्त आयोग रोडमैप इस प्रकार अधिसूचित करेगा कि क्रॉससब्सिडी की क्रमिक कमी के साथ टैरिफ, आपूर्ति की औसत लागत के $\pm$20% के भीतर हो।

(घ) : उपलब्ध सूचना के अनुसार, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा व नगर हवेली, दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखण्ड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र (मुम्बई-बेस्ट), मणिपुर, मिजोरम, पंजाब, पुडुचेरी, सिक्किम और उत्तराखण्ड राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में टैरिफ में संशोधन किया है।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 25.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5260 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

उदय के अंतर्गत एटीएंडसी हानियों की उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा

(प्रतिशत में)

क्रम सं.	**मानदंड**	**वित्तीय वर्ष 2015-16**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**
1.	आंध्र प्रदेश	9.41	13.41
2.	असम	25.51	21.14
3.	बिहार	43.74	27.39
4.	छत्तीसगढ़	21.79	23.28
5.	दमन और दीव	13.25	9.37
6.	गोवा	17.12	26.03
7.	गुजरात	15.04	12.59
8.	हरियाणा	29.83	17.45
9.	हिमाचल प्रदेश	12.92	8
10.	जम्मू और कश्मीर	61.6	49.76
11.	झारखंड	34.71	31.95
12.	कर्नाटक	14.94	14.1
13.	केरल	16.03	10.83
14.	मध्य प्रदेश	23.97	31.9
15.	महाराष्ट्र	19.07	16.94
16.	मणिपुर	44.21	22.55
17.	मेघालय	36.48	37.76
18.	पुदुचेरी	19.88	16.41
19.	पंजाब	15.9	12.04
20.	राजस्थान	30.41	21.29
21.	तमिलनाडु	14.58	14.02
22.	तेलंगाना	13.95	11.77
23.	त्रिपुरा	20.94	15.24
24.	उत्तर प्रदेश	26.47	24.64
25.	उत्तराखंड	17.19	12.64
	उदय राज्यों का औसत	**20.8**	**18.24**

नोट : उपरोक्त आंकड़े उदय पोर्टल पर राज्यों/डिस्कॉमों द्वारा प्रविष्ट किए गए अनंतिम/गैर-लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर हैं।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5272

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड लिंकेज

5272. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को बाकि देश भर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड लिंकेज की क्या स्थिति है; और

(ख) ग्रिड संपर्क का पूरा कार्य राज्य स्तर की अन्य सक्षम कंपनी यथा असम इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड की जगह पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) को देने के क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) : भारतीय विद्युत प्रणाली पांच (5) क्षेत्रों अर्थात उत्तरी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में विभाजित है। क्षेत्रों के बीच अंतरक्षेत्रीय (आईआर) पारेषण लिंक अधिक विद्युत वाले क्षेत्रों से कम विद्युत वाले क्षेत्रों को विद्युत के व्यवस्थित प्रवाह को सक्षम बनाता है। वर्तमान में सभी पांचों क्षेत्रीय ग्रिड़ एक राष्ट्र-एक ग्रिड-एक फ्रीक्वैंसी-एक बाजार बनाकर सिंक्रोनस लिंकों के जरिये एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय ग्रिड की अन्तर क्षेत्रीय विद्युत पारेषण क्षमता 99,050 मेगावाट (मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार) है। पूर्वोत्तर क्षेत्र निम्नानुसार विभिन्न पारेषण लिंकों के जरिये देश से जुड़ा हुआ हैः

(i) ± 800 केवी विश्वनाथ चरियाली-अलीपुरद्वार-आगरा मल्टी टर्मिनल एचवीडीसी बाइपोल लाइन
(ii) 400 केवी अलीपुरद्वार-बोंगाईगांव हाई कैपेसिटी डी/सी लाइन
(iii) 400 केवी सिलीगुडी-बोंगाईगांव डी/सी लाइन
(iv) 220 केवी बीरपाड़ा-सलाकती डी/सी लाइन

(ख) : देश में मौजूद पारेषण प्रणाली में अन्तर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) तथा अन्तर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (इंटरा-एसटीएस) शामिल हैं।

जनवरी, 2011 से, आईएसटीएस पारेषण योजनाएं टैरिफ नीति के उपबंधों के अनुसार या तो टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के जरिये अथवा विनियमित टैरिफ अन्तर (आरटीएल) के साथ लागत-अधिक्य तंत्र के जरिये कार्यान्वित की जा रही हैं। तद्नुसार, आईएसटीएस पावर ग्रिड़ द्वारा अथवा टीबीसीबी परियोजनाओं के मामले में सफल बोलीदाता द्वारा विकसित की जाती हैं। पावरग्रिड टीबीसीबी परियोजनाओं के लिए बोलीदाता के रूप में भागीदारी करती है।

किसी राज्य में अन्तर्राज्यीय पारेषण प्रणाली सामान्यतः राज्य पारेषण यूटिलिटियों/अन्तर्राज्यीय पारेषण लाईसेंसियों द्वारा विकसित की जाती है जैसे असम राज्य के लिए अन्तर्राज्यीय प्रणाली के संबंध में असम इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5287

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

चल रही विद्युत परियोजनाएं

5287. श्री ए. राजाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु सहित देश में चल रही विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु सहित देश भर में इन परियोजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) इन परियोजनाओं के लिए आरंभ में तय की गई लागत का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(घ) क्या कुछ परियोजनाओं की लागत/समय में भारी वृद्धि हुई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा भविष्य में इन परियोजनाओं को लागत में वृद्धि हुए बिना समय पर पूरा करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (च) : तमिलनाडु सहित देश में इस समय 12034.5 मेगावाट की कुल क्षमता की 36 जल विद्युत परियोजनाएं (25 मेगावाट से अधिक) तथा 63676.15 मेगावाट की कुल क्षमता की 67 ताप विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। चालू करने की मूल/प्रत्याशित अनुसूचियों के साथ-साथ निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं के संबंध में समय और लागत बढ़ने के कारणों सहित विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान मूल/स्वीकृत लागत तथा हुए व्यय का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 7 के अनुसार ताप विद्युत परियोजनाओं के संबंध में कोई उत्पादक कंपनी यदि ग्रिड कनेक्टिविटी से जुड़े तकनीकी मानकों का अनुपालन करती है तो वह इस अधिनियम के तहत लाइसेंस/अनुमति प्राप्त किए बिना उत्पादन स्टेशन स्थापित, परिचालित और अनुरक्षित कर सकती है। तदनुसार, ताप विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए सरकार की स्वीकृति अपेक्षित नहीं है।

निर्माणाधीन ताप विद्युत परियोजनाओं के संबंध में, मूल लागत तथा चालू करने की अनुसूची के साथ-साथ संशोधित प्रत्याशित लागत तथा पूर्णता अनुसूची का ब्यौरा और विलंब के कारण **अनुबंध-II** में दिये गये हैं।

इन विद्युत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदम नीचे दिए गए हैं:-

(i) विद्युत मंत्रालय/केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) लगातार स्थल दौरों तथा विकासकर्ताओं और उपस्कर आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत के जरिए निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं की प्रक्रिया की निगरानी करता है। सीईए विकासकर्ताओं और अन्य पणधारकों के साथ आवधिक रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित करता है तथा परियोजनाओं को चालू करने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे अभिचिह्नित करता है और उनका समाधान करने में उनकी सहायता करता है।

(ii) बाधा वाले क्षेत्रों का पता लगाने तथा अंतर मंत्रालय और अन्य बकाया मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की सुविधा के लिए विद्युत मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा भी नियमित समीक्षा की जाती है।

(iii) केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसयू) परियोजनाओं के मामले में परियोजना कार्यान्वयन प्राचलों/लक्ष्यों को संबंधित सीपीएसयू एवं विद्युत मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित वार्षिक एमओयू में शामिल किया जाता है तथा विद्युत मंत्रालय/सीईए में सीपीएसयू की तिमाही निष्पादित समीक्षा बैठकों तथा अन्य बैठकों में भी उनकी निगरानी की जाती है।

(iv) मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) मुद्दों का समाधान करने में परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों की सहायता करने के लिए मामलों को राज्य सरकार/जिला प्रशासन के साथ उठाया जाता है।

(v) जब कि आवश्यक हो, मुद्दों की अग्रसक्रिय शासन तथा समय पर कार्यान्वयन के लिए पीएमओ के प्रगति पोर्टल में भी समीक्षा की जाती है।

****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 25.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5287 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान समय/लागत आधिक्य सहित लागत एवं व्यय को शामिल करते हुए निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं (25 मेगावाट से अधिक) का ब्यौरा

क्रम सं.	परियोजना और राज्य का नाम	क्षमता (मेगावाट)	चालू होने की अनुसूची		लागत (करोड़ रुपए)		व्यय (करोड़ रुपए)		समय एवं लागत आधिक्य के कारण
			वास्तविक	अनुमानित	स्वीकृत	अनुमानित	पिछले 3 वर्ष (2016-19)	2019-20 के दौरान (माह)	
केंद्रीय									
1	पकलदुल (सीवीपीपीएल) जेएंडके	1000	अप्रैल-20	अग.-23	8112.12	8112.12	1086.32		• कार्यों के अवार्ड में विलंब।
2	पारबती-II (एनएचपीसी) एच.पी.	800	सितं.-09	दिसं.-21	3919.59	8398.76	1687.45	42.11 (अप्रैल-19)	• माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश ने स्टोन क्रशर प्रचालन पर रोक लगाई। • संशोधित वन स्वीकृति में विलंब। • नवंबर, 2006 में टीबीएम फेस में पानी और गाद के भारी मात्रा में प्रवेश करने के कारण टीबीएम को अत्यधिक क्षति हुई। • अप्रैल, 2004, जून, 2006 और फरवरी, 2007 में पावर हाउस क्षेत्र में स्लाइड। • 2004, 2005, 2010 और 2011 में अचानक बाढ़। • केविटी ट्रीटमेंट के कारण जीवा नाला कार्य प्रभावित हुआ। • संविदा संबंधी मामले। • एचआरटी में खराब भृविज्ञान। • सिविल संविदाकारों के साथ नकदी प्रवाह मामला।
3	टिहरी पीएसपी (टीएचडीसी), उत्तराखंड	1000	जुलाई-10	जून-22	1657.6	4401.9	1085.77	77.52 (अप्रैल-19)	• एल-1 कीमत बोली के रूप में आरसीई का अनुमोदन लागत अनुमानों से अधिक था। आरसीई नवंबर, 2011 में अनुमोदित किया गया। • संविदाकार के पास नकद प्रवाह की समस्या। • बोलीदाताओं द्वारा मुकदमेबाजी। • खराब भूविज्ञान। • असेना क्वारी में स्थानीय विरोध। • मक डिस्पोजल क्षेत्र में विरोध। • ठेकेदार की खराब तैयारी। • खराब भौगोलिक स्थिति के कारण मशीन हॉल के ले आउट का संशोधन। • संविदाकार के पास धन अभाव के कारण अप्रैल, 2018 से निर्माण कार्य रोक दिया

									गया।
4	तपोवन विष्णगाड (एनटीपीसी), उत्तराखंड	520	मई-13	दिसं.-20	2978.48	3846.3	1150.2		• एचआरटी में खराब भूविज्ञान और टीबीएम पर पत्थर गिरने के कारण अत्यधिक जल का प्रवेश। टीबीएम तीन बार शुरू किया गया। • जून, 2013 और अगस्त, 2012 में अचानक बाढ़ के कारण कॉफर डैम का क्षतिग्रस्त होना। • बैराज और एचआरटी के लिए सिविल संविदाओं की समाप्ति। • सिविल संविदाकारों के साथ नकदी प्रवाह मामला।
5	लता तपोवन (एनटीपीसी) उत्तराखंड	171	अग.-17	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4 वर्ष)	1527	1801.07	6.16		• उत्तराखण्ड में जून, 2013 के दौरान अचानक बाढ़। • बैराज क्षेत्र में स्थानीय मामले/कार्य प्रारंभ न होना। • माननीय उच्चतम न्यायालय ने मई, 2014 से निर्माण कार्य पर रोक लगाई।
6	विष्णुगाड पीपलकोटि (टीएचडीसी) उत्तराखंड	444	जून-13	दिसं.-22	2491.58	3789.61	780.32	35.78 (अप्रैल-19)	• सीसीईए अनुमोदन अगस्त, 2008 में प्राप्त परंतु वन स्वीकृति/वन भूमि के परिवर्तन के कारण कार्य अवार्ड नहीं किया जा सका। वन भूमि जनवरी, 2014 में अधिगृहीत की गई तथा बाद में जनवरी, 2014 में कार्य अवार्ड किया गया। • स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा। • संविदाकार के पास नकद प्रवाह समस्या।
7	रम्माम-III (एनटीपीसी) पश्चिम बंगाल	120	सितं.-19	फर.-22	1381.84	1592.34	255.14		• एडिट-1 से एडिट-2 तक संपर्क सड़क के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से पेड़ों को काटने के लिए अनुमति प्राप्त होने में विलंब। • सिविल संविदाकारों के साथ नकदी प्रवाह मामला। • गोरखालैंड आंदोलन के दौरान हड़ताल/बंद।
8	सुबानसिरी लोअर (एनएचपीसी) अरुणाचल प्रदेश/असम	2000	सितं.-10	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4 वर्ष)	6285	18064	2355.53	60.3 (अप्रैल-19)	• वन भूमि के अंतरण में विलंब। • अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों में बाधा। • जनवरी, 2008 में पावर हाउस में स्लोप विफलता। • रंगानदी नदी पर पुल क्षति। • सर्ज शॉफ्ट्स से सर्ज टनल्स के डिजाइन में परिवर्तन। • परियोजना के निर्माण के विरोध में असम में बांध विरोधी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए गए आंदोलन के कारण कार्यबंदी। दिनांक 16.12.2011 से कार्य रूक गया। • डी/एस प्रभाव का मामला। • एनजीटी में मामला।
9	कामेंग (नीपको) अरुणाचल प्रदेश	600	दिसं.-09	दिसं.-19	2496.9	6179.96	2473.54	82.75 (अप्रैल-19)	• बांध पैरामीटरों में परिवर्तन। • खराब भूविज्ञान, अत्यधिक रिसाव, अपर्याप्त मशीनरी के कारण बांध एवं एचआरटी में धीमी प्रगति। • अक्टूबर, 2008 और सितंबर, 2012 में अचानक बाढ़। • एचआरटी में जल का प्रवेश। • खराब पहुंच सड़क। • संविदात्मक मामले। • समूह की कमी। • राज्य सरकार से खदान के लिए स्वीकृति। • कार्यों की धीमी प्रगति।

									• पेनस्टॉक में रिसाव एवं खराबी में सुधार। • सिविल संविदाकारों के साथ नकदी प्रवाह मामला।
10	नैटवर मोरी (एसजेवीएन) उत्तराखंड	60	2021-22	2021-22	648.33	648.33	98.31		
11	तीस्ता स्टे.-VI (एनएचपीसी) सिक्किम	500	मार्च-24	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (5 वर्ष)	5748.04	5748.04	907		• खराब भौगोलिक स्थिति। • भूमि अधिग्रहण। • संविदा संबंधी मामले। • विकासकर्ता (निजी) के साथ निधि संबंधी बाधाएं और अप्रैल, 2014 से काम बंद। • मैसर्स एलटीएचपीएल कारपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के तहत आया। एनएचपीसी लिमिटेड एच-1 बोलीकर्ता के रूप में उभरकर आया। एनएचपीसी को सीसीईए का अनुमोदन 08.03.2019 को प्राप्त हुआ।
राज्य									
12	परनई जेएंडके	37.5	जन.-18	मार्च-22	640	640	189.62	3.11 (मई-19)	• कार्य की धीमी प्रगति। • भूमि अधिग्रहण में विलंब।
13	लोअर कलनई जेएंडके	48	सितं.-17	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4 वर्ष)	577	576.87	36.31		• संविदाकार द्वारा मानव एवं मशीनरी का अपर्याप्त जुटाव। • आरएण्डआर योजना को अंतिम रूप दिए जाने में विलंब। • कार्यों की धीमी प्रगति। • संविदाकार के साथ वित्तीय कठिनाईयां। सीडीआर के अंतर्गत संविदाकार।
14	उहल-III एच.पी.	100	मार्च-07	जन.-20	431.56	1281.52	343.49		• वन भूमि के अंतरण में विलंब। • निजी भूमि के अधिग्रहण में विलंब। • खदान स्थलों के अंतरण में विलंब। • कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • संविदाकर्ता द्वारा धीमी प्रगति और कार्य न करने के कारण अप्रैल, 2008 और जुलाई, 2010 के दौरान एचआरटी निर्माण के लिए दो बार संविदा रद्द की गई। • एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति।
15	सवारा कुड्डू एच.पी.	111	दिसं.-12	मार्च-20	558.53	1181.9	293.35		• एमओईएफ स्वीकृति में विलंब। • सिविल एवं ईएंडएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति। • एचआरटी लाइनिंग की धीमी प्रगति। • संविदा संबंधी मामले। • एचआरटी पैकेज के लिए कांट्रैक्ट 09.01.2014 को समाप्त कर दिया गया। मैसर्स एचसीसी को नवंबर, 2014 में कार्य पुन: अवार्ड किया गया।
16	शोंगटोंग करचम एच.पी.	450	मार्च-17	अप्रैल-24	2807.83	3316.35	304.34		• आर्मी एम्यूनिशन डिपो का स्थानांतरण। • स्थानीय मामले।
17	व्यासी उत्तराखंड	120	दिसं.-14	जून-20	936.23	936.23	641.8		• कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। • स्थानीय मामले।
18	शाहपुरकंडी पंजाब	206	2015-16	नवं.-21	2286	2715.7	662		• रावी नदी के जल बंटवारे एवं प्रशुल्क पर जम्मू एवं कश्मीर तथा पंजाब राज्यों के

									बीच अंतरराज्यीय विवाद के कारण 29.08.2014 से बांध का कार्य रूक गया।
19	कोयना लेफ्ट बैंक पीएसएस महाराष्ट्र	80	अक्तू.-14	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4 वर्ष)	245.02	691.95 विद्युत घटक	145.97		• कार्यों की धीमी प्रगति। • परियोजना लागत में वृद्धि के कारण वित्तीय कठिनाईयां। आरसीई अनुमोदनाधीन।
20	इंदिरासागर पोलावरम (पीपीए) आंध्र प्रदेश	960	-	-	3013.68	5338.95	758.18		
21	पल्लीवसल (केएसईबी) केरल	60	मार्च-11	दिसं.-21	283.19	550	83.84		• सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। • भूमि अधिग्रहण में विलंब। • एचआरटी के लिए एडिट के संरेखण में परिवर्तन। • एचआरटी में खराब भौगोलिक स्ट्राटा। • भारी मानसून • संविदात्मक मामलों के कारण 28.01.2015 से 11.04.2017 तक संविदाकार कार्य रोक दिया गया। • संविदा 13.09.2018 को समाप्त हो गई। मामला केरल उच्च न्यायालय में है।
22	थोटियार (केएसईबी) केरल	40	अप्रैल-12	दिसं.-20	145.47	280	10.74		• भूमि अधिग्रहण मुद्दे। • स्थानीय लोगों द्वारा 2010 से 2012 तक वायर और अप्रोच चैनल के कार्य रोक दिए गए। • न्यायालय द्वारा 12.12.2012 से अप्रैल, 2013 तक कार्य रोक दिया गया। • संविदागत मामले। • संविदाकार के पास वित्तीय कठिनाई। • अप्रैल, 2017 में पूर्ववर्ती संविदा का समापन और शेष कार्य जनवरी, 2018 में पुन: अवार्ड।
23	कुंडहा पम्प्ड स्टोरेज-I तमिलनाडु	125	2021-22	2022-23	488	989.8	221.52	22.23 (मई-19)	• सिविल एवं एचएम कार्यों के अवार्ड में विलंब। • सिविल एवं एचएम कार्यों को 05/2018 से ही शुरू किया गया है।
निजी									
24	रत्ले जेएंडके	850	2017-18	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (5 वर्ष)	5517.02	6275	0		• कार्यों की धीमी प्रगति। • बार-बार स्थानीय बाधाओं के कारण 11.07.2014 से कार्य रूका। • विकासकर्ता राज्य सरकार को परियोजना अभ्यर्पित करना चाहता है। जम्मू एवं कश्मीर सरकार, पीडीडी द्वारा 09.02.2017 को पीपीए समाप्त कर दिया गया और जेकेएसपीडीसी को परियोजना का अधिग्रहण करने का निदेश दिया गया। • जीवीकेआरएचईपीपीएल तथा जेकेपीडीडी नामक पक्षकारों ने अपने संबंधित दावों पर विरोध दर्ज किया तथा अब यह मामला न्यायाधीन है। • परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जेकेएसपीडीसी एवं एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम गठित किया गया।
25	सोरांग एच.पी.	100	नवं.-11	मार्च-20	586	586	0		• खराब भौगोलिक स्थिति। • खराब मौसम स्थितियां, दुर्गम एवं खराब पहुँच।

									• नवंबर, 2013 में वाटर कंडक्टर सिस्टम के भराव के दौरान पेनस्टॉक क्रैक्स/लीकेज। • ट्रायल रन के दौरान नवंबर, 2015 में सर्फेस पेनस्टॉक में दरार। • विकासकर्ता के पास वित्तीय कठिनाईयां।
26	टिडोंग-I एच.पी.	100	अक्तू.-21	अक्तू.-21		940	163.74	36.56	• परियोजना प्रभावित पंचायतों द्वारा एनओसी में विलंब। • सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए कार्यों को स्थगित करना। • विकासकर्ता के पास वित्तीय कठिनाईयां।
27	टंगनु रोमई-I एच.पी.	44	जून-14	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4 वर्ष)	255	641.89	0		• सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। • खराब भौगोलिक परिस्थिति। • कठिन क्षेत्र। • जलवायु परिस्थितियां एवं पहुंच। • विकासकर्ता के पास वित्तीय कठिनाईयां
28	बजोली होली एच.पी.	180	मई-18	मार्च-20	1696.93	2205	704	94 (मई-19)	• कार्यों की धीमी प्रगति।
29	फाटा ब्यूंग उत्तराखंड	76	जून-12	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (3 वर्ष)	520	1225.53	78.86		• जून, 2013 में अचानक बाढ़। • एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति।
30	सिंगोली भटवारी उत्तराखंड	99	दिसं.-12	मार्च-20	666.47	1694	892.47		• एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति। • स्थानीय लोगों द्वारा विरोध। • जून, 2013 में अचानक बाढ़।
31	महेश्वर एम.पी.	400	मार्च-02	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (1.5 वर्ष)	1569.27	8121	0		• आरएंडआर मुद्दे। • विकासकर्ता के साथ नकदी प्रवाह की समस्या। • अग्रणी ऋणदाता के रूप में पीएफसी ने 01 जून, 2016 से एसएमएचपीसीएल में अधिक इक्विटी अर्थात 51% का अधिग्रहण किया। मामला न्यायाधीन है।
32	रंगित-IV सिक्किम	120	जन.-12	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (3.5 वर्ष)	726.16	1692.6	1.68		• खराब भौगोलिक स्थिति के कारण एचआरटी और सर्ज शॉफ्ट कार्यों की धीमी प्रगति। • सितंबर, 2011 में भूकंप के कारण कार्य बाधित हुए। • विकासकर्ता के साथ वित्तीय बाधाएं।
33	भास्मे सिक्किम	51	जून-12	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (3 वर्ष)	408.5	746.01	0		• वन स्वीकृति। • विकासकर्ता के साथ वित्तीय बाधाएं।
34	रंगित II सिक्किम	66	अप्रैल-15	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (2.5 वर्ष)	496.44	496.44	126.83		• कार्यों की धीमी प्रगति। • विकासकर्ता के पास वित्तीय कठिनाईयां।
35	रोंगनीचू सिक्किम	96	जुलाई-14	सितं.-20	491.32	1187	821		• भूमि अधिग्रहण। • खराब भूविज्ञान।
36	पनन सिक्किम	300	2018-19	कार्यों के पुनः शुरू होने के अधीन (4.5 वर्ष)	1833.05	2516	17.7		• दिसंबर, 2015 में एनडब्ल्यूएलबी से स्वीकृति प्राप्त हुई। • एनजीटी से स्वीकृति। प्राप्त। • एनडब्ल्यूएलबी एंगल में सिक्किम सरकार से एनओसी के लिए आवेदन किया गया।

****

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 25.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5287 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

देश में निर्माणाधीन ताप विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा

क्रम सं.	राज्य	परियोजना/कार्यान्वयन एजेंसी का नाम/ईपीसी और बीटीजी	यूनिट सं.	क्षमता (मेगावाट)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	मूल लागत (करोड़ रुपये में)	नवीनतम लागत (करोड़ रुपए में)	विलंब के कारण
केंद्रीय क्षेत्र									
1	*बिहार*	बाढ़ एसटीपीपी-I/एनटीपीसी/अन्य	यू-1	660	मई-17	अप्रैल-20	8693	15095.67	पावर मशीन और टेक्नोप्रोमेक्सपोर्ट, रूस के साथ एनटीपीसी के संविदात्मक विवाद के कारण विलंब। मूल अनुसूची 2009-10 एवं 2010-11 थी। वित्तीय दिक्कतों के कारण मैसर्स टीपीई द्वारा बायलर सामग्री एवं खरीदी जाने वाली मदों (बीओआई) की आपूर्ति में विलंब। मैसर्स टीपीई ने 10/13 को कार्य बंद कर दिया। एनटीपीसी द्वारा 14.01.2015 को मैसर्स टीपीई का करार समाप्त कर दिया। मैसर्स पावर मशीन द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब और मंद प्रगति, सुपर हीटर और रीहीट एरिया में ट्यूब की विफलता, रेलवे लाइन (हजारीबाग-कोडरमा-तिलैया-राजगीर-बख्तियारपुर (250 किमी)) की तैयारी।
			यू-2	660	नवं.-17	अप्रैल-21			
			यू-3	660	मई-18	मई-22			
2	*बिहार*	नबी नगर टीपीपी/एनटीपीसी और रेलवे/भेल का संयुक्त उद्यम	यू-4	250	नवं.-13	अप्रैल-20	5352.51	7998	भूमि अधिग्रहण में विलंब। मुख्य संयंत्र सिविल एजेंसी मैसर्स ईआरए द्वारा धीमी गति से कार्य जिससे निर्माण एजेंसियों को सिविल फ्रंट सौंपने में विलंब हुआ। भेल द्वारा उपस्करों की आपूर्ति। गांववासियों द्वारा आन्दोलन। लोगों द्वारा मुआवजे को ग्रहण करने की अनिच्छा के कारण भूमि के कुछ टुकड़ो का अधिग्रहण नहीं किया जा सका। सीएचपी वेंडर (टैक्प्रो) द्वारा झेली जा रही वित्तीय कठिनाई।
3	*बिहार*	न्यू नबी नगर टीपीपी/एनटीपीसी और बीएसपीजीसीएल टीजी-एल्सटॉम और भारत फोर्ज, एसजी-भेल का संयुक्त उद्यम					13624.02	15131.67	शेष भूमि का अधिग्रहण तथा वासक्षेत्र स्वामियों का स्थान परिवर्तन, जो अभी भी परियोजना क्षेत्र में रह रहे हैं।
			यू-2	660	जुलाई-17	अप्रैल-20			
			यू-3	660	जन.-18	मार्च-22			

4	*छत्तीसगढ़*	लारा एसटीपीपी/एनटीपीसी/एसजी-दूसन टीजी-बीजीआर हिताची	यू-2	800	मई-17	दिसं.-19	11846	11846	विद्युत उपस्कर आपूर्ति के कारण देरी, भूमि अधिग्रहण में देरी, सहायक बॉयलरों की तैयारी में देरी।
5	*झारखंड*	नॉर्थ करणपुरा एसटीपीपी/ एनटीपीसी/भेल	यू-1	660	फर.-18	अक्तू.-20	14367	14367	भूमि अधिग्रहण मुद्दों के कारण सिविल कार्यों को शुरू करने में देरी। बॉयलर फाउंडेशन से संबंधित भेल आपूर्तियों में देरी। मुख्य संयंत्र के क्षेत्र में बदलाव, प्लॉट की योजना में बदलाव के कारण एनटीपीसी द्वारा भेल को भूमि सौंपने में देरी। भेल द्वारा एसीसी पैकेज के अवार्ड में देरी।
			यू-2	660	अग.-18	अक्तू.-21			
			यू-3	660	फर.-19	मार्च-22			
6	*मध्य प्रदेश*	गदरवारा एसटीपीपी/एनटीपीसी/ बीटीजी-भेल	यू-2	800	सितं.-17	दिसं.-19	11638.55	11638.55	पहले से ही अधिग्रहित भूमि के लिए ग्रामवासियों द्वारा अतिरिक्त मुआवजे की मांग संबंधी आंदोलन के कारण कार्य रूका। रेलवे लाइन कॉरिडोर के लिए शेष भूमि अधिग्रहण में देरी, सिविल एजेंसी (बीएण्डआर) द्वारा धीमी प्रगति। एमयूडब्ल्यू पाइपलाइन बिछाने के लिए आरओयू।
7	*मध्य प्रदेश*	खरगोन एसटीपीपी/एनटीपीसी/ ईपीसी-एलएंडटी	यू-1	660	मार्च-19	जुलाई-19	9870.51	9870.51	पश्चिम रेलवे द्वारा खंडवा से नीमरखेड़ी (रेलवे साइडिंग हेतु प्रारंभिक स्थल) तक ब्रॉड गेज कार्य। आरओडब्ल्यू के शेष लाभार्थियों, जो संयंत्र से मेक अप वाटर पम्प हाउस स्थल तक 66 केवी पारेषण लाइन बिछाने के लिए मुआवजे की राशि स्वीकार नहीं कर रहे थे, को मुआवजे की राशि का संवितरण।
			यू-2	660	सितं.-19	मार्च-20			
8	*ओडिशा*	दार्लीपल्ली एसटीपीपी/एनटीपीसी/ एसजी-भेल टीजी-जेएसडब्ल्यू और तोशीबा	यू-1	800	फर.-18	सितं.-19	12532.44	12532.44	रेलवे साइडिंग के लिए शेष भूमि अधिग्रहण के कारण देरी, वाटर लाइन तैयार करने के लिए आरओयू मुद्दे।
			यू-2	800	जून-18	जून-20			
9	राजस्थान	बरसिंगर टीपीपी एक्सटें./एनएलसी/ रिलयांस इंफ्रा	यू-1	250	मई-20	रोककर रखा	2112.59	2112.59	राजस्थान सरकार ने सूचित किया है कि परियोजना लागत में वृद्धि एवं समय आधिक्य के कारण, राजस्थान डिस्कॉम विद्युत खरीदने की स्थिति में नहीं होगा। एनएलसीआईएल ने उत्तर दिया है कि खदान से संपर्क के लिए राजस्थान सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के कारण विलंब है और निर्णय की समीक्षा करने की सूचना दी है। मामला राजस्थान सरकार के पास लंबित है।
10	राजस्थान	बिथोक टीपीपी/एनएलसी/रिलायंस इंफ्रा	यू-1	250	मई-20	रोककर रखा	2196.3	2196.3	राजस्थान सरकार ने सूचित किया है कि परियोजना लागत में वृद्धि एवं समय आधिक्य के कारण, राजस्थान डिस्कॉम विद्युत खरीदने की स्थिति में नहीं होगा। एनएलसीआईएल ने उत्तर दिया है कि खदान से संपर्क के लिए राजस्थान सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के कारण विलंब है और निर्णय की समीक्षा करने की सूचना दी है। मामला राजस्थान सरकार के पास लंबित है। **परियोजना को रोककर रखा गया है।**

11	तेलंगाना	तेलंगाना एसटीपीपी स्टे.-I /एनटीपीसी/एसजी-भेल टीटी-एल्सटॉम और भारतफोर्ज	यू-1	800	जन.-20	अग.-20	10599	10599	नए पर्यावरणीय मानकों के संबंध में बॉयलर डिजाइन में परिवर्तन। भेल आपूर्ति में विलंब।
			यू-2	800	जुलाई-20	जुलाई-21			
12	*तमिलनाडु*	नैवेली न्यू टीपीपी/एनएलसी/भेल	यू-1	500	सितं.-17	अग.-19	5907.11	5907.11	मुख्य संयंत्र क्षेत्र की नींव (गहराई) की डिजाइन में परिवर्तन तथा सिविल कांट्रेक्टरों को अंतिम रूप दिए जाने में देरी। एचडीपीई पाइपों को लगाने का कार्य पूरा न होने के कारण मीठे जल की उपलब्धता में देरी। सीडब्ल्यू प्रणाली के आउटलेट चैनल एवं संरचना के आदेश देने में देरी। सिविल कार्यों की धीमी प्रगति।
			यू-2	500	मार्च-18	मार्च-20			
13	*उत्तर प्रदेश*	मेजा एसटीपीपी/एनटीपीसी और यूपीआरवीयूएनएल का संयुक्त उद्यम/एसजी-बीजीआर टीजी-तोशीबा	यू-2	660	दिसं.-16	जून-20	10821	10821	बीजीआर और हिताची के बीच क्यूएसजीएम का निस्तारण न होने के कारण मैसर्स बीजीआर द्वारा बॉयलर सामग्री की आपूर्ति में विलंब। मुख्य संयंत्र सिविल कार्यों की धीमी प्रगति।
14	*उत्तर प्रदेश*	घाटमपुर टीपीपी/एनएलसी और यूपीआरवीयूएनएल का संयुक्त उद्यम/एमएचपीएस बॉयलर प्रा. लि.	यू-1	660	अप्रैल-20	फर.-22	17237.8	17237.8	गैर-क्रमिक सामग्री आपूर्ति।
			यू-2	660	अक्तू.-20	अग.-23			
			यू-3	660	अक्तू.-20	फर.-23			
15	*उत्तर प्रदेश*	टांडा टीपीपी स्टे.-II/ एनटीपीसी/ एसजी: एलएंडटी/टीजीः एल्सटॉम	यू-1	660	सितं.-18	सितं.-19	9188.98	9188.98	मुख्य संयंत्र एवं एश डाइक एरिया में शेष भूमि अधिग्रहण। सिविल एजेंसी द्वारा खराब जुटाव, इंजीनियरिंग और आपूर्ति में देरी।
			यू-2	660	मार्च-19	अप्रैल-20			
16	*झारखंड*	पतरातू एसटपीपी/एनटीपीसी और झारखंड विद्युत वितरण निगम लि. का संयुक्त उद्यम	यू-1	800	दिसं.-21	मई-22			नई शुरू की गई।
			यू-2	800	जन.-22	सितं.-22			
			यू-3	800	जुलाई-22	दिसं.-22			
17	*ओडिशा*	राऊरकेला पीपी-II एक्सपेंशन/ एनटीपीसी-सेल पावर कं. लि. (एनएसपीसीएल) (एनटीपीसी एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) का संयुक्त उद्यम)/भेल	यू-1	250	दिसं.-18	अप्रैल-22	1885.13	1885.13	गैर-क्रमिक सामग्री आपूर्ति। परियोजना सुविधाओं जैसे कि रेलवे साइडिंग, वाटर कॉरीडोर आदि की गैर-क्रमिक आयोजना।
राज्य क्षेत्र									
1	आंध्र प्रदेश	डॉ. नारला टाटा राव टीपीएस स्टे.-V/एपजेनकों/बीटीजी-भेल	यू-1	800	जून-19	फर.-20	5286.54	5286.54	नई शुरू की गई।
2	आंध्र प्रदेश	श्री दामोदरम संजीव्याह टीपीपी स्टे.-II/एपजेनकों/बीटीजी-भेल	यू-1	800	मार्च-19	सितं.-20	4276.04	6034	सिविल कार्य के कारण धीमी प्रगति।
3	*असम*	नामरूप सीसीजीटी/एपीजीसीएल/ भेल	एसटी	36.15	जन.-12	दिसं.-19	411	693.73	सिविल कार्यों के शुरू होने में विलंब और सिविल कार्यों की मंद प्रगति, सिविल ठेकेदारों की सेवा समाप्ति। खराब मृदा तथा भारी वर्षा। भेल द्वारा सामग्री की आपूर्ति में विलंब और दक्ष जनशक्ति की कमी। एनबीपीएल आदेश की समाप्ति। सिविल तथा इलैक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन एजेंसी के रि-अवार्ड में विलंब।

4	*गुजरात*	वानकबोली टीपीएस एक्सटें./ जीएसईसीएल एसजी-एल्सटॉम टीजी-सीमेन्स	यू-8	800	अक्तू.-18	अक्तू.-19	3536.51	3536.51	सॉइल स्ट्राटा के कारण बीटीजी क्षेत्र में काफी संग्रह (संख्या 4300) किया जा चुका है। एनडीसीटी (100 प्रतिशत) एवं फ्लाई ऐश के निस्तारण की तैयारी नहीं। टीजी डेक की तैयारी में विलंब।
5	*कर्नाटक*	केपीसीएल द्वारा येलहांका सीसीपीपी	जीटी+एसटी	370	मार्च-18	अक्तू.-19	1571.18	1571.18	भारी वर्षा के कारण विलंब।
6	*महाराष्ट्र*	भुसावल टीपीएस/महाजेनको	यू-6	660	आंकड़े नहीं	आंकड़े नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	नई शुरू की गई।
7	*ओडिशा*	आईबी वैली टीपीपी/ओपीजीसीएल बीटीजी-भेल	यू-4	660	दिसं.-17	सितं.-19	11965	11965	रेलवे साइडिंग के लिए भूमि का अधिग्रहण और स्टार्ट अप पावर की उपलब्धता।
9	*राजस्थान*	सूरतगढ़ एससीटीपीपी/ आरआरवीयूएनएल/भेल	यू-7	660	सितं.-16	सितं.-19	7920	7920	बॉयलर इरेक्शन के कारण धीमी प्रगति।
			यू-8	660	दिसं.-16	सितं.-20			
10	*तेलंगाना*	भद्रादरी टीपीपी/टीएसजेनको/भेल	यू-1	270	मार्च-17	मार्च-20	5044	7290.6	एनजीटी तथा एमओईएफ स्वीकृति न होने के कारण कार्य रूका।
			यू-2	270	मई-17	सितं.-20			
			यू-3	270	जुलाई-17	मार्च-21			
			यू-4	270	सितं.-17	सितं.-22			
11	*तमिलनाडु*	एन्नोर एक्सपें. एससीटीपीपी (लैंको)/टैंजेडको बीटीजी-लैंको	यू-1	660	जन.-18	जुलाई-21	5421.38	5421.38	लैंको इंसॉलवेंसी प्रॉब्लम के कारण विलंब।
12	*तमिलनाडु*	एन्नोर एससीटीपीपी/टैंजेडको/भेल	यू-1	660	जन.-18	जुलाई-21	9800	9800	पावर ब्लॉक एरिया में अत्यधिक जमाव तथा सिविल कार्य की धीमी प्रगति के कारण देरी।
			यू-2	660	मार्च-18	फर.-22			
13	*तमिलनाडु*	नॉर्थ चेन्नई टीपीपी स्टे.-III टैंजेडको/भेल	यू-1	800	मार्च-19	जुलाई-20	6376	6376	सिविल कार्य के कारण धीमी प्रगति।
14	*तमिलनाडु*	उडनगुडी एसटीपीपी स्टेज-I/ टैंजेडको, ईपीसी-भेल	यू-1	660	फर.-21	दिसं.-21	13076.71	13076.705	नई शुरू की गई।
			यू-2	660	फर.-21	जून-22			
15	*तमिलनाडु*	अपर सुकर क्रिटिकल टीपीपी टैंजेडको/भेल	यू-1	800	मार्च-19	मार्च-22	12778	12778	शुरू होने में विलंब एवं सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। गैर-क्रमिक सामग्री आपूर्ति।
			यू-2	800	अक्तू.-19	सितं.-22			
16	*उत्तर प्रदेश*	हरदुआगंज टीपीएस एक्सपें.-II/ यूपीआरवीयूएनएल/तोशीबा जेएसडब्ल्यू	यू-1	660	जून-19	अप्रैल-20	4826.49	4826.49	एमओईएफएंडसीसी स्वीकृति की देरी से प्राप्ति।
17	*तेलंगाना*	याद्रादरी टीपीएस/टीएसजेनको/भेल	यू-1	800	अक्तू.-20	अक्तू.-20	29965	29965	नई शुरू की गई।
			यू-2	800	अक्तू.-20	अक्तू.-20			
			यू-3	800	अक्तू.-21	अक्तू.-21			
			यू-4	800	अक्तू.-21	अक्तू.-21			
			यू-5	800	अक्तू.-21	अक्तू.-21			
18	*उत्तर प्रदेश*	जवाहरपुरएसटीपीपी/ यूपीआरवीयूएनएल/दूसन	यू-1	660	सितं.-20	मार्च-21	10556.27	10556.27	नई शुरू की गई।
			यू-2	660	जन.-21	जुलाई-21			
19	*उत्तर प्रदेश*	पनकी टीपीएस एक्सटें./ यूपीआरवीयूएनएल	यू-1	660	आंकड़े नहीं	आंकड़े नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	नई शुरू की गई।

20	*उत्तर प्रदेश*	ओबरा-सी एसटीपीपी/ यूपीआरवीयूएनएल/दूसन	यू-1	660	सितं.-20	अप्रैल-21	10416	10416	सिविल कार्य के कारण धीमी प्रगति।
			यू-2	660	दिसं.-20	दिसं.-20			
निजी क्षेत्र									
1	*आंध्र प्रदेश*	भवानापडु टीपीपी फेज-I/ईस्ट कोस्ट एनर्जी लि. बीटीजी-चाइनीज	यू-1	660	अक्तू.-13	अनिश्चित	6571.94	9343.15	काफी समय तक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के आदेश के कारण कार्य रोककर रखा गया। कार्य पुनः शुरू होने के बाद, दो तूफानों के कारण कार्य बाधित हुआ। राज्य विभाजन के विरुद्ध प्रदर्शन। वित्तीय कठिनाईयों के कारण स्थल पर कार्य की धीमी प्रगति।
			यू-2	660	मार्च-14	अनिश्चित			
2	*आंध्र प्रदेश*	थामिनापट्टनम टीपीपी स्टेज-II/ मीनाक्षी एनर्जी प्रा. लि. एसजी-सेथर वेसेल्स टीजी-चाइनीज	यू-3	350	मई-12	दिसं.-20	3120 (600 मे.वा./ 5005 (700 मे.वा.)		सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। वित्तीय समस्या के कारण लंबे समय तक के लिए स्थल पर कार्य बंद पड़ा रहा।
			यू-4	350	अग.-12	मार्च-21			
3	बिहार	सिरिया टीपीपी (जस इंफ्रा टीपीपी)/ जेआईसीपीएल बीटीजी-चाइनीज	यू-1	660	अग.-14	अनिश्चित	11120	11120	कार्यस्थल पर कोई कार्य नहीं चल रहा है। *कार्य पुनः शुरू होने के बाद चालू करने की अनुसूची का मूल्यांकन किया जाएगा।
			यू-2	660	दिसं.-14	अनिश्चित			
			यू-3	660	अप्रैल-15	अनिश्चित			
			यू-4	660	अग.-15	अनिश्चित			
4	*छत्तीसगढ़*	अकलतारा टीपीपी (नैयारा)/केएसके महानदी पावर कंपनी लि./चाइनीज	यू-4	600	अप्रैल-13	अप्रैल-22	16190	27080	वित्तीय कठिनाईयों के कारण विलंब।
			यू-5	600	अग.-13	अनिश्चित			
			यू-6	600	दिसं.-13	अनिश्चित			
5	*छत्तीसगढ़*	बिंजकोट टीपीपी/एसकेएस पावर जेनरेशन (छत्तीसगढ़) लि. एसजी-सेथर वेसेल्स टीजी-हरबिन चीन	यू-3	300	मार्च-14	अनिश्चित	5058	7940	कार्य अभी शुरू किया जाना है। ऐश डाइक के लिए शेष भूमि अधिग्रहण में विलंब।
			यू-4	300	जून-14	अनिश्चित			
6	*छत्तीसगढ़*	लैंको अमरकंटक टीपीपी-II/एलएपी प्रा. लि. बीटीजी-डीईसी	यू-3	660	जन.-12	अनिश्चित	6886	10815.24	जल प्रणाली के लिए भूमि अधिग्रहण में विलंब। वित्तीय समस्याओं के कारण वर्तमान में साइट पर कार्य धीमा चल रहा है।
			यू-4	660	मार्च-12	अनिश्चित			
7	*छत्तीसगढ़*	सिंघीतराई टीपीपी/एथेना छत्तीसगढ़ पावर लि. बीटीजी-डीईसीएल	यू-1	600	नवं.-14	अनिश्चित	6200	8443.79	भूमि अधिग्रहण में विलंब। बॉयलर एवं टीजी निर्माण की धीमी प्रगति। वित्तीय समस्याओं के कारण विलंब।
			यू-2	600	फर.-15	अनिश्चित			
8	*छत्तीसगढ़*	सलोरा टीपीपी/वंदना विद्युत/ बीटीजी-सेथर वेसेल्स	यू-2	135	सितं.-11	अनिश्चित	1458.44	1458.44	यूनिट-I को चालू करने में विलंब। ग्रामीणों द्वारा साइट पर विरोध। बीटीजी और सीएचपी सामग्री की आपूर्ति में विलंब। चालू करने के कार्यों में बीटीजी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा असहयोग। रेलवे साइडिंग और ऐश पांड के लिए अधिग्रहण।
9	*छत्तीसगढ़*	देवेरी (वीसा) टीपीपी/वीसा पावर लि. बीटीजी-भेल	यू-1	600	अग.-13	अनिश्चित	2618.7	3930	एएचपी, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, एसी एवं वातायन प्रणाली, एलटी/एचटी स्विचगियर, केबल, एयर कंप्रेशर, एलटी ट्रांसफार्मर, स्टेशन, जीटी एवं यूनिट ट्रांसफार्मर के लिए ऑर्डर अब तक नहीं दिए गए हैं। वित्तीय कठिनाई के कारण कार्य रुका हुआ है।

10	*झारखंड*	मैत्रीश्री उषा टीपीपी फेज-I/ कारपोरेट पावर लि. ईपीसी-भेल	यू-1	270	अप्रैल-12	अनिश्चित	2900	2900	कानून व व्यवस्था की समस्या। बीटीजी उपस्कर की आपूर्ति में विलंब। वन स्वीकृति के कारण पारेषण लाइन तैयार करने में विलंब। नवम्बर, 2012 से वित्तीय समस्याओं के कारण कार्य रोक दिया गया है।
			यू-2	270	मई-12	अनिश्चित			
11	*झारखंड*	मैत्रीश्री उषा टीपीपी फेज-II/ कारपोरेट पावर लि. ईपीसी-भेल	यू-3	270	अक्तू.-12	अनिश्चित	3182	3182	कानून व व्यवस्था की समस्या और बीटीजी सामग्री की आपूर्ति में विलंब। साइट पर वित्तीय समस्याओं के कारण कार्य रोक दिया गया है। *कार्य पुनः शुरू होने के बाद चालू करने की अनुसूची का मूल्यांकन किया जाएगा।
			यू-4	270	जन.-13	अनिश्चित			
12	*झारखंड*	तोरी टीपीपी फेज-I/एस्सार पावर लि. बीटीजी-चीन	यू-1	600	जुलाई-12	अनिश्चित	5700	5700	कानून व व्यवस्था की समस्या। सिविल कार्य की शुरुआत में विलंब एवं कार्य की धीमी प्रगति। यूनिट-II के लिए एमओईएफ स्वीकृति में विलंब। पूर्व में आवंटित कोयला ब्लॉकों के रद्द होने के बाद कार्य रोक दिया गया।
			यू-2	600	सितं.-12	अनिश्चित			
13	*झारखंड*	तोरी टीपीपी फेज-II/एस्सार पावर लि.	यू-3	600	दिसं.-15	अनिश्चित	2500	2500	
14	*महाराष्ट्र*	अमरावती टीपीपी फेज-II/रतन इंडिया पावर प्रा. लि. बीटीजी-भेल	यू-1	270	जुलाई-14	अनिश्चित	6646	6646	वित्तीय समस्याओं के कारण साइट पर कोई कार्य नहीं चल रहा है। *कार्य पुनः शुरू होने के बाद चालू करने की अनुसूची का मूल्यांकन किया जाएगा।
			यू-2	270	सितं.-14	अनिश्चित			
			यू-3	270	नवं.-14	अनिश्चित			
			यू-4	270	जन.-15	अनिश्चित			
			यू-5	270	मार्च-15	अनिश्चित			
15	*महाराष्ट्र*	लैंको विदर्भ टीपीपी/एलवीपी प्रा. लि. ईपीसी-लैंको	यू-1	660	जुलाई-14	अनिश्चित	6936	10433	वित्तीय समस्याओं के कारण साइट पर कोई कार्य नहीं चल रहा है।
			यू-2	660	नवं.-14	अनिश्चित			
16	*महाराष्ट्र*	नासिक टीपीपी फेज-II/ रतन इंडिया नासिक पावर प्रा. लि. बीटीजी-भेल	यू-1	270	अप्रैल-13	अनिश्चित	6789	6789	वित्तीय समस्याओं के कारण इस स्थल पर कोई कार्य नहीं चल रहा है। इसे 13वीं योजना में ले जाया जा सकता है। *कार्य पुनः शुरू होने के बाद चालू करने की अनुसूची का मूल्यांकन किया जाएगा।
			यू-2	270	जून-13	अनिश्चित			
			यू-3	270	अग.-13	अनिश्चित			
			यू-4	270	अक्तू.-13	अनिश्चित			
			यू-5	270	दिसं.-13	अनिश्चित			
17	*महाराष्ट्र*	बिजोरा घनमुख टीपीपी/जिनभुविश पावर जेनरेशन प्रा. लि./बीटीजी- चीन	यू-1	300	दिसं.-16	अनिश्चित	3189	3450	क्षमता में 2x250 मेगावाट से 2x300 मेगावाट में परिवर्तन के कारण विलंब।
			यू-2	300	मार्च-17	अनिश्चित			
18	*महाराष्ट्र*	शीरपुर टीपीपी, शीरपुर पावर प्रा. लि.-भेल	यू-2	150	अप्रैल-15	अनिश्चित	2413	2413	स्टार्ट अप पावर में विलंब, पीपीए न होना, कोयला लिंकेज न होना, वित्तीय बाधाएं।
19	*मध्य प्रदेश*	गोरजी टीपीपी/डी.बी. पावर (एमपी) लि. बीटीजी-भेल	यू-1	660	जून-13	अनिश्चित	3941	3941	मुख्य संयंत्र उपस्कर के लिए ऑर्डर दे दिया गया है। कार्य रोककर रखा गया है। *कार्य पुनः शुरू होने के बाद चालू करने की अनुसूची का मूल्यांकन किया जाएगा।
21	*ओडिशा*	इंड बराथ टीपीपी (ओडिशा)/इंड बराथ/बीटीजी-सेथर वेसेल्स	यू-2	350	दिसं.-11	अनिश्चित	3150	4001	भारी बारिश के कारण विलंब। विद्युत स्टार्ट अप के लिए पारेषण लाइन की तैयारी में विलंब। चालू करने की समस्याएं जैसे कि बॉयलर की फायरिंग गनों में परिवर्तन और बाइपास वाल्व में परिवर्तन।

22	*ओडिशा*	केवीके नीलांचल टीपीपी/ केवीके नीलांचल/बीटीजी-हरबिन चीन	यू-1	350	दिसं.-11	अनिश्चित	4990	6000	आरंभ में चिमनी स्वीकृति और कानून एवं व्यवस्था की समस्या के कारण विलंब हुआ। माननीय उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा स्टे के कारण कार्य रोक दिया गया। माननीय उच्च न्यायालय ने 20.05.2014 को कार्य शुरू करने का आदेश दिया है। ऋणदाताओं द्वारा परियोजना की संशोधित लागत के अनुमोदन में विलंब।
			यू-2	350	फर.-12	अनिश्चित			
			यू-3	350	फर.-12	अनिश्चित			
23	*ओडिशा*	लेंको बाबंध टीपीपी/एलबीपी लि./ बीटीजी-चाइनीज	यू-1	660	अप्रैल-13	अनिश्चित	6930	10430	भूमि अधिग्रहण में विलंब। वित्तीय समस्या के कारण साइट पर कार्य धीमी गति से चल रहा है।
			यू-2	660	अग.-13	अनिश्चित			
24	*ओडिशा*	मली ब्राह्मणी टीपीपी/एमपीसीएल /बीटीजी-भेल	यू-1	525	दिसं.-12	अनिश्चित	5093	6330	भूमि अधिग्रहण में विलंब और टीजी हॉल संरचनाओं की आपूर्ति में विलंब। वित्तीय समस्या के कारण धीमी प्रगति।
			यू-2	525	फर.-13	अनिश्चित			
25	*तमिलनाडु*	तूतीकोरिन टीपीपी (इंड-बराथ)/ आईबीपीआईएल/बीटीजी-चाइनीजं	यू-1	660	मई-12	अनिश्चित	3595	3595	सिविल कार्यों की देर से शुरुआत और धीमी प्रगति तथा स्थल पर बॉयलर संरचनात्मक सामग्री की आपूर्ति में विलंब।
26	*तमिलनाडु*	तूतीकोरिन टीपीपी स्टे.-IV/ एसईपीसी/ईपीसी-एमईआईएल (बीटीजी-भेल)	यू-1	525	सितं.-18	दिसं.-20	3514	3514	बीओपी क्षेत्रों में धीमी प्रगति, इंटरकनेक्शन और पारेषण सुविधा अवार्ड किए जाने में देरी।
27	*पश्चिम बंगाल*	हिरनमये एनर्जी लि. (इंडिया पावर कारपोरेशन (हल्दिया टीपीपी/ हल्दियो एनर्जी लि./बीटीजी-भेल	यू-3	150	मई-16	अनिश्चित	2656	3307	पश्चिम बंगाल में हल्दिया और आसनसोल औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण संबंधी क्रियाकलाप न करने के लिए एमओईएफ का स्थगन।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5322

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

ट्रक/लॉरी बॉडी निर्माण इकाइयों हेतु विद्युत आपूर्ति

5322. श्री ए.के.पी. चिनराजः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तमिलनाडु के नामाक्कल-तिरुचेंगोड क्षेत्र में चल रही लगभग 250 से अधिक ट्रक/लॉरी बॉडी निर्माण इकाइयां हाल के महीनों में अनियमित बिजली कटौती से प्रभावित हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में एक प्रमुख ट्रक हब माने जाने वाले नामाक्कल-तिरुचेंगोड बेल्ट में काम करने वाली उक्त इकाइयों के लिए नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एक अलग विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ङ) : विद्यत एक समवर्ती सूची का विषय है। राज्य आदि के भीतर विभिन्न शहरों में औद्योगिक क्षेत्र सहित सभी उपभोक्ताओं को विद्युत उपलब्ध कराना प्रमुख रूप से संबंधित राज्य सरकारों/विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम) का उत्तरदायित्व है।

तमिलनाडु में नामाक्कल-तिरूचेंगोड क्षेत्र में ट्रक/लारी बॉडी निर्माण इकाइयों में अनियमित बिजली कटौती के बारे में इस मंत्रालय में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु राज्य द्वारा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) को दी गई सूचना के अनुसार, अप्रैल-जून, 2019 के दौरान तमिलनाडु में उद्योगों पर कोई अधिसूचित विद्युत कटौती/प्रतिबंध नहीं थे।

विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत, विद्युत उत्पादन एक लाइसेंस मुक्त कार्यकलाप है। विद्युत उत्पादन परियोजनाओं (जल तथा नाभिकीय विद्युत परियोजना को छोड़कर) की स्थापना विद्युत की मांग तथा प्रौद्योगिक-वाणिज्यिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न यूटिलिटियों और राज्य/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसयू) द्वारा की जाती है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5329

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

विद्युत क्षेत्र संबंधी समिति

5329. श्री एच. वसंतकुमारः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भर में बिजली-कटौती काफी आम हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह किस हद तक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है;

(ख) क्या बिजली-कटौती की सुविधाओं और घरों/उद्योगों पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए किसी विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिजली-कटौती को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इस संबंध में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आबंटित की गयी है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) : विद्युत एक समवर्ती सूची का विषय है। सभी उपभोक्ताओं को विद्युत उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व प्रमुख रूप से संबंधित राज्य सरकारों/विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम) का है। इस प्रकार बिजली की कटौती और घरों/उद्योग पर इसका प्रभाव, यदि कोई हो, की निगरानी संबंधित राज्य सरकार/वितरण कंपनियों/राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा की जानी होती है।

